राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

राज्यपाल से मुख्यमंत्री की मुलाकात

जयपुर, 08 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से बुधवार को दोपहर में यहां राजभवन में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री मिश्र से मुख्यमंत्री श्री गहलोत की यह शिष्टाचार भेंट थी।

राज्यपाल श्री मिश्र व मुख्यमंत्री श्री गहलोत की यह मुलाकात पैंतालीस मिनिट तक चली। राज्यपाल और मुख्यमंत्री की प्रदेश में कोरोना वैश्विक महामारी से बचाव के लिए प्रदेश में अब तक किए गए प्रयासों और आगे की रणनीति पर चर्चा हुई। **फोटो–01 से 04**

—

तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों पर वेबिनार को राज्यपाल सम्बोधित करेगे

जयपुर, 08 जुलाई। राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री कलराज मिश्र गुरूवार को दोपहर बारह बजे शिक्षा में मानवीय मूल्यों की आवश्यकता विषय पर आयोजित वेबिनार को सम्बोधित करेंगे। इस वेबिनार का आयोजन बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा किया जायेगा।

——

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, राज्यपाल, राजस्थान
98292–71189